AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# 65 कॉलेजों को पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति

## लविवि कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक में मिली अस्थायी मान्यता

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक हुई। बैठक में 65 कॉलेजों को वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए पाठ्यक्रम संचालित करने की अस्थायी अनुमति मिली है। वहीं, पांच कॉलेजों में छह पाठ्यक्रमों को स्थायी संबद्धता देने पर मुहर लगी है।

इनमें महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय डलमऊ रायबरेली को बीए व बीएससी, गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्यालय लखनऊ को बीएफए, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज इंदिरा नगर को एमए अंग्रेजी, नारायण प्रताप सिंह स्मृति महाविद्यालय रायबरेली को बीएससी व माधुरी सिंह महाविद्यालय हरदोई को बीए, पाठ्यक्रम संचालित करने की स्थायी संबद्धता प्रदान करने पर मुहर लगी। कुलसचिव ने सभी कॉलेजों को कार्यपरिषद के फैसले से अवगत कराने के लिए अनुमोदन जारी कर दिया है। इसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

### विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर भी अनुमोदन जारी

### लखनऊ के इन कॉलेजों को अस्थायी संबद्धता

लखनऊ स्थित कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान को बीबीए (टूरिज्म), गीता लॉ कॉलेज को तीन वर्षीय व पांच वर्षीय विधि, बाबू सुंदर सिंह डिग्री कॉलेज में बीकॉम, बीकॉम (आनर्स), एलएलबी समेत कई विषय शामिल हैं। बीए की परीक्षाएं 27 जून से लेकर तीन अगस्त तक चलेंगी। बीएससी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलेंगी। बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 11 जुलाई तक चलेंगी। एलएलबी ऑनर्स दसवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 12 जुलाई तक चलेंगी। एलएलबी तीन वर्ष छठे सेमेस्टर परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 10 जुलाई को समाप्त होंगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में होंगी।

### तीन महाविद्यालयों को अस्थायी से स्थायी मान्यता

कार्यपरिषद की बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालयों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए स्थायी संबद्धता प्रदान की गई। इसमें राम दयाल प्रसादी लाल लोधी महाविद्यालय हरदोई को बीएससी, जायद्रथ नाथ राम प्रकाश महाविद्यालय हरदोई को बीए व बीएससी और श्रीकृष्णा कॉलेज सीतापुर को बीए अतिरिक्त विषय इतिहास, राजनीतिशास्त्र, एमए शिक्षा व गृहविज्ञान पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए स्थायी संबद्धता दी गई।

### स्नातक में प्रवेश की तिथि फिर बढ़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि एक सप्ताह बढ़ा दी। अब विद्यार्थी 22 जून तक फॉर्म भर सकेंगे। तिथि तीसरी बार बढ़ाई गई है। इसके अलावा परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन तिथि 10 से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी स्नातक व प्रोफेशनल कोर्सों में प्रवेश के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी मोबाइल एप डाउनलोड कर भी फॉर्म भर सकते हैं। किसी तरह की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

# विश्वविद्यालय में 27 से होंगी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को सम सेमेस्टर की परीक्षाओं का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होकर तीन अगस्त तक चलेंगी। इससे पहले प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम में परीक्षाएं 20 जून से प्रस्तावित थीं।

परीक्षा विभाग की ओर से जिन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है उनमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, एलएलबी और एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रम शामिल हैं। जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक, बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 अगस्त से शुरू होकर तीन अगस्त तक चलेंगी। बीएससी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होकर दो अगस्त तक चलेंगी।

बीकॉम ऑनर्स की परीक्षाएं 27 जून से 10 जुलाई तक चलेंगी। बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 11 जुलाई तक चलेंगी। एलएलबी ऑनर्स दसवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 12 जुलाई तक चलेंगी। एलएलबी तीन वर्ष छठे सेमेस्टर परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 10 जुलाई को समाप्त होंगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में होंगी।

### LU : सम सेमेस्टर परीक्षा 27 जून से

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू ने गुरुवार को विवि की वेबसाइट पर सम सेमेस्टर परीक्षाओं का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया। छात्र अपने विषय और परीक्षा संबंधी जानकारी विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in कर देख सकते हैं। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम (आनर्स), एलएलबी समेत कई विषय शामिल हैं। बीए की परीक्षाएं 27 जून से लेकर तीन अगस्त तक चलेंगी। बीए छठवें सेमेस्टर (स्टैटिसटिक्स, मैथमेटिक्स और ऐंथ्रोपॉलजी छोड़कर) की परीक्षाएं एक पाली में सुबह नौ से 10.30 बजे तक होगी। बीकॉम छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से 11 जुलाई तक सुबह नौ से 10.30 बजे तक होंगी। एलएलबी (तीन वर्षीय) छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से 10 जुलाई के बीच होंगी।

NBT PAGE 4

# LU : 61 कॉलेज चला सकेंगे कोर्स

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू में गुरुवार को हुई कार्यपरिषद की आपातकाल बैठक में कुल 61 महाविद्यालयों को अस्थाई मंजूरी के साथ कोर्स चलाने की अनुमति दी गई। जबकि, आठ महाविद्यालय ऐसे शामिल रहे जिनको अस्थाई से स्थाई मंजूरी प्रदान की गई। एलयू के पीआरओ डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, अस्थाई सहयुक्तता के महाविद्यालयों में शहर के 13 महाविद्यालय ऐसे हैं जिनको नये कोर्स चलाने की अनुमति मिली है।

**इनको मिली स्थाई सहयुक्तता :** बैठक में श्रीमहाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय, डलमऊ, रायबरेली- बीए एवं बीएससी, गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्यालय, लखनऊ- बीएफए, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, इंदिरा नगर, लखनऊ- एमए अंग्रेजी, श्री नारायण प्रताप सिंह स्मृति महाविद्यालय मनेहरू, रायबरेली- बीएससी,माधुरी सिंह महाविद्यालय, हरदोई- बीए, राम दयाल प्रसादी लाल लोधी, महाविद्यालय स्थाई हुए।

JAGRAN CITY PAGE III

# अब स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं का फाइनल कार्यक्रम जारी कर दिया। अब यह परीक्षाएं 27 जून से शुरू होकर तीन अगस्त तक चलेंगी। पहले यह परीक्षाएं 20 जून से प्रस्तावित करते हुए आपत्तियां मांगी गई थीं। दूसरी ओर लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने निर्धारित समय से पहले परीक्षा कराए जाने को लेकर विरोध की घोषणा की थी। साथ ही परीक्षा संबंधी कार्यों से छिड़ी कालेजों के शिक्षकों से अलग रहने का आह्वान किया था। अब फाइनल कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

स्नातक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं में करीब 35 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniexam.in पर देख सकते हैं। बीए और बीएससी की परीक्षाएं एक महीने से ज्यादा समय तक चलेंगी। वहीं, बीकाम की परीक्षाएं 13 दिन में समाप्त हो जाएंगी। वहीं, एलएलबी इंटीग्रेटेड 10वें सेमेस्टर और एलएलबी तीन वर्षीय छठे सेमेस्टर की परीक्षा तिथि भी तय हो गई है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी किया गया था, जिस पर आए सुझाव के बाद फाइनल डेटशीट जारी की गई है।

**अब 22 जून तक आवेदन:** लवि ने सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन फार्म भरने की तिथि तीसरी बार बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 22 जून तक आवेदन कर सकेंगे। विवि प्रशासन ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

लवि ने स्नातक व स्नातक प्रबंधन के पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू की थी। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन फार्म पहले 31 मई और फिर 15 जून तक भरने का मौका दिया गया। अब एक बार फिर तिथि बढ़ी है। असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं। फार्म भरने से पहले लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर पर पंजीकरण अनिवार्य है। फार्म मोबाइल एप के माध्यम से भी भरे जा सकते हैं।

**तिथि तय नहीं :** लवि की प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून के बीच प्रस्तावित थीं। लेकिन लगातार स्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ने की वजह से अभी तक नई तिथि नहीं तय हो पाई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि तिथि भी तय होनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि जिस दिन प्रवेश परीक्षाएं होंगी, उस तिथि में दूसरी प्रवेश परीक्षाएं न हो रही हों। समय रहते उसके लिए आपत्ति दर्ज कराई जा सके।

### कोरसवार परीक्षा तिथि

- बीए छठा सेमेस्टर : 27 जून से तीन अगस्त, सुबह नौ से 10.30 बजे
- बीकाम : 28 जून से 11 जुलाई, सुबह नौ से 10.30 बजे
- बीएससी छठा सेमेस्टर : 27 जून से दो अगस्त, सुबह नौ से 10.30 बजे
- बीकाम आनर्स छठा सेमेस्टर : 27 जून से 10 जुलाई, सुबह नौ से 12 बजे
- एलएलबी इंटीग्रेटेड 10वा सेमेस्टर : (2017-2018) : 28, 30 जून, सुबह नौ से 12 बजे
- एलएलबी इंटीग्रेटेड 10वां सेमेस्टर : (2016 ओल्ड कोर्स : 28 जून से 12 जुलाई, सुबह नौ से 12 बजे
- एलएलबी (तीन वर्षीय) छठा सेमेस्टर : 28 जून से 10 जुलाई, सुबह नौ से 12 बजे

### कठिन परिश्रम से मीडिया में बना सकते हैं करियर

जासं, लखनऊ : ख्याजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में व्याख्यान हुआ। इसमें राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में पत्रकारिता की डा. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि मीडिया में कठिन परिश्रम से युवा करियर के नए अवसर बना सकते हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता के एसोसिएट प्रोफेसर डा. एमके पाधी ने लेंगिंग विषिवता व मीडिया के लिए भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की।

### 65 को अस्थायी, आठ कालेजों को स्थायी पाठ्यक्रमों की संबद्धता

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने लखनऊ सहित पांचों जिलों के 65 कालेजों में नए सत्र के लिए अस्थायी तथा आठ पाठ्यक्रमों को स्थायी संबद्धता दे दी। गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में इन प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सम्बद्धता संबंधी आदेश के पत्र पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय से लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली व लखीमपुर खीरी जिले को लेकर 545 कालेज संबद्ध हैं। बीते आठ जून को हुई कार्य परिषद की बैठक में 14 नए कालेजों के साथ 147 पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों को संबद्धता दी गई थी। उसके बाद कई और कालेजों में संबद्धता के प्रस्ताव शेष रह गए थे। उनके लिए गुरुवार को सुबह 11 बजे आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि 65 कालेजों ने अपने यहां संचालित पाठ्यक्रमों की अस्थायी तथा आठ ने स्थायी संबद्धता के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है।

i-NEXT PAGE 4

# तीसरी बार बढ़ाई गई आवेदन डेट

## एलयू में अब 22 जून तक स्नातक के आवेदन

LUCKNOW (15 JUNE): लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन फार्म भरने की तिथि तीसरी बार बढ़ा दी है. अब अभ्यर्थी 22 जून तक आवेदन कर सकेंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

### छात्रहित में लिया निर्णय

एलयू ने स्नातक व स्नातक प्रबंधन के पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू की थी. प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन फार्म पहले 31 मई और फिर 15 जून तक भरने का मौका दिया गया. अब कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रहित में एक बार और तिथि बढ़ाई है. किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं. आवेदन फार्म भरने से पहले लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर पर पंजीकरण अनिवार्य है. फार्म विश्वविद्यालय के मोबाइल एप के माध्यम से भी भरे जा सकते हैं.

### प्रवेश परीक्षा की तिथि तय नहीं

एलयू की प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून के बीच प्रस्तावित थी, लेकिन लगातार स्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ने की वजह से अभी तक नई तिथि नहीं तय हो पाई है. अभ्यर्थियों का कहना है कि तिथि भी तय होनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि जिस दिन प्रवेश परीक्षाएं होंगी, उस तिथि में दूसरी प्रवेश परीक्षाएं न हो रही हों. समय रहते उसके लिए आपत्ति दर्ज कराई जा सके.

HINDUSTAN PAGE 6

| मौका | अम्मी व अब्बू की मृत्यु के बाद अकेली पड़ गई थी तहसीन, जॉन एलिया की शायरी पर कर रहीं पीएचडी

# तहसीन शोध मेधा के सहारे पूरी करेंगी पीएचडी

■ शाश्वत मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा तहसीन के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति संजीवनी बन गई है। इससे अब वह अपनी पीएचडी की पढ़ाई आसानी से पूरी कर सकेंगी।

एलयू के उर्दू विभाग में वर्ष 2019 बैच की छात्रा तहसीन ने तीन बार नेट की परीक्षा पास की लेकिन जेआरएफ फेलोशिप न मिल पाने के कारण वह पीएचडी में दाखिला नहीं ले पाती थीं।

जब उन्होंने किसी तरह पीएचडी में रट्टमिशन लिया तो साल 2020 में अम्मी और 2022 में अब्बा का इंतकाल हो गया। साथ ही कोरोना काल के कारण कक्षाएं भी सुचारू रूप से नहीं चल पा रही थीं। मूलतः अयोध्या जिले की रहने वाली तहसीन के लिए लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर पाना मुश्किल हो रहा था। अपने भाइयों से भी वह मदद नहीं लेना चाहती थीं। लिहाजा छात्रा ने शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया। जिसमें चयनितों की सूची में तहसीन का भी नाम था। यह देखकर वह फूली नहीं समाई और झट से अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन को एक कविता लिखकर भेंट कर दी। इसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

### जॉन की पहली शायरी साल 2019 में पढ़ी थी...

उर्दू विभाग में शोधार्थी तहसीन 'जॉन एलिया की शायरी का जादाजा' विषय रिसर्च कर रही हैं। तहसीन ने बताया कि मैंने जॉन की पहली शायरी साल 2019 में ('और तो क्या था बेचने के लिए, अपनी आंखों के ख्वाब बेचे') पढ़ी थी। फिर कई सीनियर्स से मशवरा करने के बाद मैंने यह विषय लिया। तहसीन के अनुसार जॉन एलिया को पढ़कर लगता है जैसे कोई आम इंसान अपनी बात कह रहा हो।

### अहर्ताएं पूरी कीं

प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि तहसीन जैसी छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति देते हुए कोई गुरेज नहीं होता है। डीएसडब्ल्यू का कहना है कि उर्दू विभाग की छात्रा ने शोध मेधा की सभी अहर्ताओं को पूरा किया है।

## स्नातक में प्रवेश के लिए अब 22 तक करें आवेदन

लखनऊ। एलयू में केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत जारी स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम में आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 22 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तिथि 15 जून थी। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर एडमिशन पेज से कर सकते हैं। प्रवेश सम्बन्धित सूचनाएं एडमिशन ब्राउचर से मिल सकेंगी।

एलयू में संशोधित पीएचडी ऑर्डिनेंस किया जा रहा तैयार, इसके जारी होने के बाद प्रवेश

# कई विषयों में साथ हो सकेगी पीएचडी

अवसर

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से एक साथ एक से अधिक विषयों में पीएचडी करने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अंतर्विषयक (इंटरडिस्पलनरी) में शोधार्थी दो या दो से अधिक विषयों में एक साथ रिसर्च कर सकेंगे।

**एनईपी-2020 के तहत ऑर्डिनेंस** एलयू में संशोधित पीएचडी ऑर्डिनेंस एनईपी-2020 के तहत तैयार किया जा रहा है। इसी के तहत सत्र 2023-24 में दाखिले भी लिए जाएंगे। जिसके लिए ऑर्डिनेंस में अब तक कई तरह के बदलाव किए भी जा चुके हैं। इसी तरह अब शोधार्थियों को एक से अधिक विषय में पीएचडी करने का अवसर दिया जाएगा।

**क्रेडिट भी मिल सकेगा** शोधार्थी को पीएचडी डिग्री उसी विभाग की दी जाएगी जिसमें उसने पंजीकरण कराया होगा। दूसरे विषयों में शोध करने के लिए उन्हें को-सुपरवाइजर दिया जाएगा। साथ ही उसका क्रेडिट भी मिल सकेगा। वहीं पीएचडी की गुणवत्ता के लिए नियमों को सख्त किया गया है। यूजीसी द्वारा एक स्थायी समिति भी गठित की गई है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

### पहली बार थीसिस जांचने में विदेशी परीक्षक

संशोधित ऑर्डिनेंस में पहली बार दो बाहरी परीक्षकों का प्रावधान रखा गया है। इसमें एक देश से बाहर और दूसरे संबंधित उच्च शिक्षण संस्थान या विश्वविद्यालय के नहीं होने चाहिए। यह परीक्षक शोध परीक्षक के साथ मिलकर पीएचडी शोधार्थी की थीसिस या शोध प्रबंध का मूल्यांकन करेंगे। मौखिक परीक्षा में दोनों परीक्षकों में से एक का रहना अनिवार्य है।

02 बाहरी परीक्षकों का पहली बार प्रावधान रखा गया | 27 जून से शुरू होंगी स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं

### लॉ विषय के शोधार्थी को अधिक लाभ

एक से अधिक विषय में शोध कर पाने से लॉ शोधार्थियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। एलयू की अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि संशोधित ऑर्डिनेंस में इस बिंदु को शामिल करने से अब पॉलिटिकल साइंस का शोधार्थी इकोनॉमिक्स, फिजिक्स का केमिस्ट्री और कॉमर्स के मैनेजमेंट में कर सकते हैं। प्रो. पूनम ने बताया कि लॉ शोधार्थियों का क्षेत्र बहुत फैला हुआ है इसलिए उन्हें सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। लॉ के शोधार्थी समाजशास्त्र, समाजकार्य, फॉरेंसिक साइंस और मैनेजमेंट को दूसरे विषय के तौर पर आसानी से चुन सकेंगे।

### स्नातक परीक्षा कार्यक्रम जारी, वेबसाइट देखें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स और एलएलबी का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत बीए, बीएससी व बीकॉम ऑनर्स छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी। बीकॉम और एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू की जाएंगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

## कार्यपरिषद की बैठक में 65 कॉलेजों को पाठ्यक्रम की अनुमति

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को हुई आकस्मिक कार्यपरिषद की बैठक में 65 कॉलेजों के पाठ्यक्रमों को सत्र 2023-24 के लिए अस्थायी संबद्धता मिली है। पांच कॉलेज के छह पाठ्यक्रमों को स्थायी संबद्धता और तीन महाविद्यालयों में कोर्स शुरू करने को अस्थायी से स्थायी संबद्धता दी गई है। इन सभी कॉलेजों को कुलसचिव की ओर से अनुमोदन जारी कर दिया गया है। साथ ही वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने ये जानकारी देते हुए बताया कि अस्थायी संबद्धता पाने वाले 65 कॉलेजों में लखनऊ के कई कॉलेज शामिल हैं। इसमें सत्र 2023-24 के लिए शशी भूषण गर्ल्स डिग्री कॉलेज को बीकॉम, कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान में बीबीए (टूरिज्म), गीता लॉ कॉलेज में विधि त्रिवर्षीय व पांच वर्षीय और बाबू सुंदर सिंह डिग्री कॉलेज में बीबीए व बीसीए पाठ्क्रम के लिए अनुमोदन दिया गया है। वहीं गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज में बीएफए और इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज को एमए अंग्रेजी के लिए स्थायी संबद्धता दी गई है।

**बीए, बीएससी, बीकॉम और एलएलबी परीक्षा कार्यक्रम जारी**-लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स और एलएलबी का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत बीए, बीएससी व बीकॉम ऑनर्स छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी। बीकॉम और एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू की जाएगी। वहीं इंटीग्रेटेड एलएलबी नए व पुराने पाठ्यक्रम के दसवें सेमेस्टर के रेगुलर, एग्जेम्पटेड व बैक पेपर की परीक्षाएं 28 जून से आरंभ होगी परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को शालीमार गैलेट अपार्टमेंट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग के विशेष सत्र का आयोजन किया • सौजन्य : सपि

## वरिष्ठ नागरिकों ने किया योग अभ्यास

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को एक विशेष सत्र आयोजित किया। शालीमार गैलेट अपार्टमेंट में हुए इस योग अभ्यास सत्र में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की माता राजेश्वरी राय मुख्य अथिति रहीं।

सत्र के दौरान, शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के वाले विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। डा. रामनरेश ने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, मेधा शक्ति विकास क्रिया, ध्रामरी प्राणायाम, पद्मासन, ताड़ासन, अर्धकटि आसन, नाड़ी शोधन, उज्जायी और ध्यान जैसे अभ्यासों के माध्यम से प्रेरित किया। वरिष्ठ नागरिकों की ओर से इस सत्र को लेकर खूब उत्साह दिखा। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय के सदस्य डा. अमरजीत यादव भी उपस्थित रहे।

PIONEER PAGE 3

# वरिष्ठ नागरिकों का एलयू ने लिया हाल, कराया जीरियाट्रिक योगाभ्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को एक विशेष सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट में हुआ और यहां लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की मां. राजेश्वरी राय मुख्य अतिथि रहीं।

योग को लेकर विश्वविद्यालय का मानना है कि वरिष्ठ नागरिक परिवारों और समुदायों के अत्यंत महत्वपूर्ण अभिन्न सदस्य होते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा और उन्नति की आवश्यकता है। सत्र के दौरान शारीरिक और भावात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के वाले विभिन्न योगाभ्यासों को शामिल हुए। डॉ रामनरेश ने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, मेधा शक्ति विकास क्रिया, उज्जायी, भ्रामरी, प्राणायाम,पद्मासन, ताड़ासन, अर्धकटि आसन, नाड़ीशोधन, उज्जायी और ध्यान जैसे अभ्यासों के माध्यम से प्रेरित किया। इन अभ्यासों का चयन प्रतिभागियों के शारीरिक और भावात्मक कल्याण को सुधारने के लिए किया गया। वरिष्ठ नागरिकों की ओर से इस सत्र को लेकर उत्साह और कृतज्ञता व्यक्त की गई। उन्होंने योगाभ्यासों को अत्यंत लाभदायक और अपने संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक पाया। योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय के सदस्य डॉ. अमरजीत यादव ने कार्यक्रम का समन्वय किया, जिससे इसका सहज निष्पादन हुआ। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय को समाज से जोड़ना है और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को सुधारना है।

## लविवि में स्नातक के लिए अब 22 जून तक कर सकेंगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2023.24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत आनलाइन स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम की प्रवेश की प्रक्रिया में आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून से बढ़ाकर 22 जून कर दी है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया के मुताबिक अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं एडमिशन ब्रोशर से प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

## एलयू से सम्बद्ध पांच जिलों में 22 फीसदी अभ्यर्थी बीएड प्रवेश परीक्षा से रहे गैर हाजिर

● बीएड प्रवेश परीक्षा में लखनऊ समेत पांच जिलों 30028 अभ्यर्थी हुए उपस्थित, 3826 ने छोड़ी परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2023 गुरुवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक साथ सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा के लिए प्रदेश के 1100 से अधिक केंद्रों पर लगभग 4.73 लाख परीक्षार्थी शामिल होने की व्यवस्था थी। वहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित परीक्षा के दौरान के लखनऊ विश्वविद्यालय केंद्र में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता जांची। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समेत पांच जिलों की बात करें तो लखनऊ में 35, हरदोई व सीतापुर में नौ-नौ और लखीमपुर व रायबरेली में 10-10 केंद्र बनाये गये थे। इन केंद्रों में लखनऊ में 17059, हरदोई में 4231, सीतापुर में 3613, लखीमपुर में 4667 और रायबरेली में 4284 को मिलाकर कुल 33854 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। वहीं पांच जिलों के केंद्र मिलाकर 30028 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 3826 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। करीब 22.43 फीसदी छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

**सीसीटीवी से रखी गयी नजर** परीक्षा पर लाइव सीसीटीवी से नजर रखी गयी। अभ्यर्थियों की अटेंडेंस बॉयोमेट्रिक और फेस रेकग्निशन से ली गयी। प्रत्येक सेंटर में एक सेंटर रिप्रेजेंटेटिव और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी थी। प्रवेश परीक्षा में केंद्र के अंदर अभ्यर्थी सिर्फ एडमिट कार्ड और पेन लेकर ही जा सकें। अभ्यर्थियों को कोई मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं परीक्षा केंद्र में ले जाने दिया गया। इसकी सूचना पूर्व में दी गयी थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# 65 डिग्री कलेजों के पाठ्यक्रम को स्थाई अनुमोदन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्